Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 17-08-2006

Participants : Athawale Shri Ramdas

>

Title: Need to provide 20% reservation to upper castes in the country.

श्री रामदास आठवले : उपाध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान ने नेशनल इंटैगरिटी की जो विचारधारा अपनाई है, अगर भारत को मजबूत करना है तो सारे समाज को एक जैसा बनाना चाहिए। लेकिन हमारे देश में आरक्षण के मुद्दे पर आपस में विवाद है। हमारे देश में शैडयूल्ड कास्ट्स, शैडयूल्ड ट्राइब्स की पौपुलेशन 25 प्रतिशत है और ओबीसी की पौपुलेशन 55 प्रतिशत है। कुल मिलाकर जिनकी पौपुलेशन 80 प्रतिशत है, उन्हें 49.5 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, लेकिन 20 प्रतिशत जो उच्च वर्ग के लोग हैं, उन्हें 50.5 प्रतिशत जनरल सीटें मिलती हैं। इसके बावजूद उन्हें ऐसा लगता है कि हमें आरक्षण नहीं मिलता। मेरा सरकार से निवेदन है कि अभी 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं दे सकते, लेकिन कौन्सटीट्यूशन में अमैंडमैंट करके भारत में 20 प्रतिशत उच्च वर्ग के लोग, जिन्हें आरक्षण नहीं मिलता, लेकिन उनमें भी इकोनॉमीकल बैकवर्ड क्लास के लोग बहुत ज्यादा है, उन्हें 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। समर्थन और आरक्षण विरोधियों के संघर्ा को खत्म करना चाहिए। उन्हें हमारे आरक्षण का विरोध नहीं करना चाहिए। इस बारे में भारत सरकार को विचार करना चाहिए और कोई निर्णय लेना चाहिए। आप भी इसे सपोर्ट करेंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER : The House is adjourned to meet again at 11 a.m. on 18th August, 2006.

19.53 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

On[r94] Friday, August 18, 2006 / Sravana 27, 1928 (Saka).